प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **21-03-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मूंढापाण्डेः-

अवगत कराना है दिनांक 13.03.2025 को वादी निवासी थाना मूंढापाण्डे ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के संबंध मे तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-82/2025 धारा-74/351(2) BNS व 7/8 पोक्सो एक्ट अधि0 पंजीकृत किया गया। जिसमें दिनांक 13.03.2025 को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जिला कारागार भिजवाया गया। उक्त लड़की को बहला-फुसलाकर किसी के द्वारा ले जाने के संबंध में वादी द्वारा सूचना दी गई। जिसके संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा -137(2) BNS की वृद्धि की गयी । उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही से अपहृत लड़की को सकुशल बरामद किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त में बयानों/साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा-64 बीएनएस व धारा-3/4 पोक्सो अधि0 की वृद्धि की गयी व दिनांक 20.03.2025 को प्रकाश में आये एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 21.03.2025 को उ0नि0 श्री जयपाल सिंह थाना मूंढापाण्डे द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त मे छेड़छाड़ के वांछित एक और आरोपी जैद पुत्र कलीम निवासी सहरिया थाना मूढांपाण्डे, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपीः-

जैद पुत्र कलीम निवासी सहरिया थाना मूढांपाण्डे, मुरादाबाद ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 जयपाल सिंह थाना मूढापाण्डे,मुरादाबाद।
हे0का0 राहुल मलिक थाना मूढापाण्डे,मुरादाबाद।

2-युवक के सिर में रॉड से वार कर हत्या करने तथा केस बनाने के उद्देश्य से खुद की पुत्री के सिर में रॉड मारने की अभियुक्ता गिरफ्तार,थाना डिलारीः-

अवगत कराना है दिनांक 03.02.2025 को वादी गेदा सिंह पुत्र श्री स्व0 रामचरण निवासी ग्राम दौलावाला थाना डिलारी,मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्र के सिर में लोहे की रॉड मारकर गंभीर रूप से घायल करने,जिसकी अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो जाने तथा केस बनाने के उद्देश्य से खुद की पुत्री के सिर में लोहे के रॉड से वार कर,अपनी पुत्री को भी गम्भीर रूप से घायल कर देने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0स0-16/25 धारा--103(1),109 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है,विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 21.03.2025 को उ0नि0 श्री मुकेश कुमार व म0उ0नि0 संजु रानी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्ता राजवती पत्नी जसवंत निवासीगण ग्राम दौलावाला थाना डिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ताः-

राजवती पत्नी जसवंत निवासीगण ग्राम दौलावाला थाना डिलारी,मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री मुकेश कुमार थाना डिलारी, मुरादाबाद ।
म0उ0नि0 संजु रानी थाना डिलारी, मुरादाबाद ।
म0का0 आशा रानी थाना डिलारी, मुरादाबाद ।
हे0का0 प्रवीण कुमार थाना डिलारी, मुरादाबाद ।

3.अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-

अवगत कराना है आज दिनांक 21.03.2025 को उ0नि0 श्री मनीष शर्मा थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अतुल सागर पुत्र श्री विजय आनन्द निवासी मौहल्ला महबुल्लागंज थाना कटघर,मुरादाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-158/2025 धारा-4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया ।

4-जनपदीय पुलिस द्वारान 02 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 06 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21-03-2025 को थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वारंटी व थाना मूंढापाण्डे पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया तथा

जनपदीय पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 06 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

वारंटी विवरणः-

थाना कटघरः-

प्रमोद सैनी पुत्र रमेश सैनी निवासी निवासी गुलाब बाडी सैनी वाली बस्ती थाना कटघर,मुरादाबाद।

थाना मूंढापाण्डेः-

सोनू उर्फ छोना पुत्र शोभाराम नि0 ग्राम लक्ष्मीपुर कट्टई थाना मूढापाण्डे,मुरादाबाद

शांति व्यवस्था भंग मे गिरफ्तारी विवरणः-

थाना कटघर

नवील पुत्र शमीम निवासी मंसूरपुर थाना असमौली जनपद सम्भल

थाना मूंढापाण्डेः-

1.बाबु सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम धतुर्रा मेघा नंगला थाना मूढापाण्डे,मुरादाबाद।

2.छत्रपाल पुत्र रामपाल निवासी ग्राम धतुर्रा मेघा नंगला थाना मूढापाण्डे,मुरादाबाद।

थाना बिलारीः-

1. बिलाल पुत्र मौ0 शाहिद नि0 ग्राम तेवर खास थाना बिलारी,मुरादाबाद।
2. पंकज कुमार पुत्र अतर सिंह नि0 ग्राम आरीखेड़ा थाना बिलारी,मुरादाबाद
।

3. सत्यम पुत्र राजेश्वर सिंह नि0 ग्राम सनाई थाना बिलारी,मुरादाबाद।